an>

Title: Need to provide funds for construction of railway line between Sitapur and Baharaich in Uttar Pradesh.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर) : रेल मंत्रालय द्वारा रेलों में आमान परिवर्तन और अविकसित भारतीय क्षेत्रों में नई रेल लाइनों का बिछाना अत्यंत लोक महत्व का कार्य है। उत्तर प्रदेश के जनपद सीतापुर-बहराइच सीमावर्ती जिलों को जोड़ने के लिए कोई रेल लाइन न होने के कारण दोनों जनपदों के अधिकांश क्षेत्र पिछड़े एवं अत्यंत गरीब हैं। सीतापुर से बहराइच के लिए नई रेल लाइन बिछाने का सर्वे हो चुका है तथा पिछली सरकार में स्वीकृति भी मिल चुकी है। परंतु अभी तक उक्त कार्य हेतु धन आवंटित नहीं किया गया है। प्रस्तावित नई रेल लाइन बनना विकास की दृष्टि से भी और राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भी अति आवश्यक है, क्योंकि यह रेल लाइन नेपाल की सीमा को जोड़ती है। मेरी सरकार से मांग है कि इस प्रस्तावित नई रेल लाइन के निर्माण के लिए रेल बजट में धन आवंटित करने का कष्ट करें।